हिंदी साहित्य के स्नातक पाठ्यक्रम

के लिए

अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना

(LOCF)

2019

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुर शाह जफर मार्ग
नई दिल्ली 110002

प्राक्कथन

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश में उच्चतर शैक्षिक प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई पहल की हैं। पाठ्यक्रम में संशोधन इन पहलों में से एक प्रमुख पहल है। उच्चतर शैक्षिक प्रणाली में सकारात्मक सुधार लाने के लिए पाठ्यक्रम सुधार को योजनाबद्ध, उद्देश्यपूर्ण, प्रगतिशील और व्यवस्थित प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है। जहां तक उच्चतर शैक्षिक संस्थानों में पाठ्यक्रम का संबंध है, आज विकसित और तेजी से बदलती शैक्षिक प्रौद्योगिकी के कारण उनमें अनेक बदलाव अपेक्षित हैं। समाज के नवीनतम विकास को ध्यान में रखते हुए और समय–समय पर समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम को बार–बार अद्यतन करने की आवश्यकता है।

26–28 जुलाई, 2018 के दौरान आयोजित कुलपतियों और उच्चतर शैक्षिक संस्थानों के निदेशकों के सम्मेलन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित गुणवत्ता संबंधी अधिदेश पर विचार–विमर्श किया गया; जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ सीखने के परिणाम आधारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा **(LOCF)** के आधार पर पाठ्यक्रम को संशोधित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

सीखने के परिणाम आधारित पाठ्यक्रम रूपरेखा **(LOCF)** का उद्देश्य छात्रों को ज्ञान, कौशल, मूल्य, दृष्टिकोण, नेतृत्वतत्परता/गुणों और आजीवन सीखने में समर्थ बनाना है। परिणाम आधारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा **(LOCF)** का मौलिक आधार यह विनिर्दिष्ट करना है कि अध्ययन के किसी विशेष कार्यक्रम को पूरा करने वाले स्नातकों से उनके अध्ययन के कार्यक्रम के अंत में क्या जानने, समझने और करने में सक्षम होना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, इससे छात्र **21वीं** सदी के विभिन्न कौशलों यथा समीक्षात्मक सोच, समस्या का समाधान, विश्लेषणात्मक तर्क, संज्ञानात्मक कौशल, स्व–निर्देशित सीखने आदि में सफल होंगे। पूर्वस्नातक शिक्षा के लिए परिणाम आधारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा **(LOCF)** पर एक नोट यूजीसी की वेबसाइट **(www.ugc.ac.in)** पर उपलब्ध है। पाठ्यक्रम संशोधन और परिणाम आधारित दृष्टिकोण को अपनाने वाले सभी विश्वविद्यालयों के लिए यह मार्गदर्शक दस्तावेज़ के रूप में कार्य करेगा।

शिक्षा के परिणाम संबंधी पाठ्यक्रम की रूपरेखा **(LOCF)** दृष्टिकोण पर आधारित पाठ्यक्रम की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विषय विशिष्ट विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। सभी उच्चतर शैक्षिक संस्थानों को मॉडल पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। विश्वविद्यालय अपनी आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रम में संशोधन कर सकते हैं, जो विकल्प आधारित अंक (क्रेडिट) प्रणाली **(CBCS)** और परिणाम आधारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा **(LOCF)** की समग्र रूपरेखा के भीतर सांकेतिक मॉडल के आधार पर हो सकता है।

मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करने संबंधी समितियों के अध्यक्ष/सदस्य/सहयोजित सदस्यों/विशेषज्ञों द्वारा किए गए प्रयासों के प्रति मैं, कृतज्ञता और सराहना व्यक्त करता हूं। मैं प्रो० भूषण पटवर्धन, उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भी धन्यवाद देता हूँ, जिन्होनें इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मैं प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रो० रजनीश जैन, सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। इस महत्वपूर्ण कार्य के समन्वय के लिए डॉ० (श्रीमती) रेणू बत्रा, अपर सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भी धन्यवाद की पात्र हैं।

सभी सम्मानित कुलपतियों से अनुरोध है कि वे उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए सीखने के परिणाम पर आधारित दृष्टिकोण के आधार पर पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालयों के सांविधिक प्राधिकारियों के परामर्श से संशोधित करने और कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

(प्रो० धीरेन्द्र पाल सिंह)
अध्यक्ष
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

नई दिल्ली
21 अक्तूबर, 2019

विषय सूची

क्रम	पृ.सं.
प्रस्तावना	4
भाग–1 1. भूमिका	6
2 पाठ योजना के लिए शिक्षण अधिगम आधारित दृष्टिकोण	8
2.1 हिंदी के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रकृति और विस्तार 2.2हिंदी के स्नातक पाठ्यक्रम का उद्देश्य	8
3. स्नातकीय विशेषता	10
4. योग्यता निरूपक	13
5. कार्यक्रम अधिगम परिणाम	15
6. पाठ्यक्रम आधारित अधिगम परिणाम	16
7. शिक्षण प्रशिक्षण प्रक्रिया	19
भाग–2 9. स्नातक 'प्रतिष्ठा' हिंदी की संरचना	23
10. प्रस्तावित पाठ्यक्रम का नमूना	27
11. परिशिष्ट	89

प्रस्तावना

हिंदी साहित्य के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम के निर्माण हेतु गठित समिति इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रही है। इस समिति का सुझाव है किस पाठ्यक्रम को लागू करते समय और समिति द्वारा दिए गए सुझावों को अधिमान्य करते समय विश्वविद्यालयों, संस्थानों और अन्य शिक्षण संस्थाओं सहित अध्यापकों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वैश्विक संदर्भों का इसमें समायोजन हो सके।

इस पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसके अध्ययन के पश्चात हिंदी साहित्य का विद्यार्थी यह जान सके कि साहित्य का विश्लेषण कैसे किया जाए, उसकी सराहना कैसे की जाए और दिए गए पाठ को पढ़ने की समझ किस प्रकार विकसित की जाए ताकि विद्यार्थी साहित्य के उद्देश्य से भली–भाँति परिचित हो सके।

यह भी उल्लेखनीय है कि चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली में हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम की बड़ी भूमिका होती है। इस पाठ्यक्रम का उपयोग करने वाली संस्थाएँ और व्यक्ति पाठ चयन करते समय क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भों के अनुरूप विकल्प दे सकते हैं। अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम में जो पाठ निर्धारित किए गए हैं वे संकेत मात्र हैं। इसी प्रकार लेखकों का कालखंड, विषय–वस्तु और विधागत विभाजन भी किया गया है जिनमें उचित उद्देश्यों के अनुरूप संस्थाएँ स्वयं द्वारा चयनित पाठ भी निर्धारित कर सकती हैं।

भारत विविधताओं वाला देश है और ये विविधताएँ भाषागत भी हैं। यहाँ तक कि मानक हिंदी भाषा के अंतर्गत अनेक बोलियाँ भी सम्मिलित हैं जिनका साहित्य भी हिंदी भाषा को समृद्ध कर रहा है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस पाठ्यक्रम की रूपरेखा निर्मित की गई है। इसमें उल्लिखित पाठों के अध्ययन के उपरांत विद्यार्थी न केवल अपने विवेक को विकसित कर सकेगा बल्कि विश्लेषण करने में भी समर्थ हो सकेगा।

वर्तमान समय सूचना क्रांति का है। यह पाठ्यक्रम रोजगार परक शिक्षा देने का कार्य भी करेगा ताकि इसके अध्ययन के बाद विद्यार्थी अपने जीवन का निर्वाह भी भली–भाँति कर सके। अधिगम परिणाम आधारित शिक्षण प्रणाली में सुझाए गए पाठ्यक्रमों को यदि नवाचार की दृष्टि से लागू किया जाता है तो यह संपूर्ण समाज के लिए लाभकारी होगा।

अतः विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य संस्थाओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इन पाठ्यक्रमों को लागू करने में अपनी रुचि दिखाएँ और प्रोत्साहन दें ताकि अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना के निर्माण की सार्थकता सिद्ध हो सके।

हिंदी साहित्य में स्नातक (प्रतिष्ठा) अध्ययन

भाग–1

भूमिकाः

समाज के उपयोगितावादी दृष्टिकोण, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आए परिवर्तनों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में षिक्षण में नवाचार के फलस्वरूप उच्च शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य बदला है और इसके कारण परिणाम आधारित प्रशिक्षण पर बल देना आज की आवश्यकता बन चुकी है। विज्ञान और तकनीक की तुलना में मानविकी का क्षेत्र सर्वाधिक विचारणीय रहा है। साहित्य भी मानविकी का एक अनिवार्य अंग है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी साहित्य के अध्ययन को अनुभवजन्य बनाना अत्यंत–आवश्यक है।

पाश्चात्य देशों ने समाज विज्ञान और मानविकी के प्रति संकुचित दृष्टिकोण अपनाया जिसका प्रतिफलन भारत साहित्य अन्य देशों में भी देखने को मिला किंतु भारतीय दृष्टिकोण में साहित्य और कविता का सदैव विशिष्ट स्थान रहा। इस प्रकार साहित्य और मानविकी को भारतीय संदर्भों में सदैव सम्मानजनक दृष्टि से देखा गया और साहित्य विशेष रूप में कविता ने समाज को दिशा देने का काम किया।

आज के भौतिकवादी युग में विज्ञान और तकनीक के दबाव ने संपूर्ण समाज को प्रभावित किया जिसका परिणाम यह हुआ कि भावना और जीवन में जुड़े विषय गायब होते चले गए। उपभोक्तावादी समाज ने सारा ध्यान तकनीक के विकास में लगाया क्योंकि उसे लगने लगा कि यही अंतिम सत्य है और तकनीक ही जीवन का संरक्षण कर सकेगी जबकि भावनात्मक संरक्षण के लिये साहित्य का होना अनिवार्य है। साहित्य के साथ एक अदृश्य भाव यह है कि उसका असर प्रत्यक्ष रुप से और तात्कालिक तौर पर मापा जाना संभव नहीं है। इसका असर और परिणाम दूरगामी और भविष्यलक्षी होता है। इसे गुणात्मक रूप में मापा जाना संभव है। मात्रा रुप में नहीं मशीनें भावनाओं का विकल्प नहीं हो सकती, न ही मूल्यों का पोषण उनसे संभव है। केवल साहित्य और मानविकी के माध्यम से ही मनुष्य सामाजिक बनता है। यह महत्त्वपूर्ण बात है कि आज भारतीय तकनीकी

संस्थान व अन्य वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थान भी प्रतीकात्मक रुप से साहित्य और मानविकी को महत्व दे रहे हैं।

साहित्य का सीधा संबंध मूल्यपरक कलाओं से है और भारतीय परिवेश में शेष विश्व की तुलना में मूल्यपरकता ही सर्वोपरि रही है जिसके परिणामस्वरूप साहित्य की स्थिति सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्ध हो जाती है।जब साहित्य की बात आती है तो उसके सबसे महत्वपूर्ण अवयव भाषा को अनदेखा नहीं किया जा सकता। साहित्य की अभिव्यक्ति भाषा के माध्यम से होती है। अभिव्यक्ति ज्ञान का अभिवर्धन करती है किंतु उसके पूर्व सत् चित आनंद का भाव होना भी अनिवार्य है। उसके बिना ज्ञान का आविर्भाव नहीं हो सकता। साहित्य की यह स्थिति मनुष्य को सत्यम शिवम सुंदरम का अभिज्ञान कराती है और यही आनंदानुभव उसे समाज से जोड़ता है।

आज हम सूचना क्रांति के युग में जा पहुँचे है जहाँ सूचना का विस्फोट है किंतु सूचना को ज्ञान में बदलने का काम तकनीक नहीं कर सकती। यह कार्य तो मानविकी, समाज विज्ञान और साहित्य का है। साहित्य जीवन के प्रत्येक हिस्से का रूपायन करता है। विषेष रूप से वंचित और सुविधाहीन तथा संघर्षरत समाज को साहित्य में विशेष स्थान दिया गया है। इस प्रकार यह कहना अतिषयोक्ति न होगी कि साहित्यिक मूल्य वास्तव में वे जीवन मूल्य हैं जो सामान्य मनुष्य के लिये आवश्यक हैं।

हिंदी साहित्य का प्रारंभ भले ही एक हजार वर्ष पूर्व हुआ हो किंतु उसकी भूमिका तो उससे पूर्व ही निर्मित होने लगी थी। संस्कृत, प्रालि, प्राकृत और अपभ्रंष की पूर्व पीठिका पर अवस्थित हिंदी साहित्य ने पिछली एक शताब्दी में अपना अत्यधिक विस्तार किया। गद्य तथा पद्य सहित अन्य कथेतर विधाओं में अपनी वैष्विक उपस्थिति दर्ज कराई है। इसकी विशिष्टता के कारण ही विष्व की अन्य भाषाओं में हिंदी साहित्य की प्रतिनिधि रचनाओं का निरंतर अनुवाद हो रहा है।

वर्तमान समय की यह माँग है कि साहित्य में स्थानीयता के साथ–साथ राष्ट्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण सम्मिलित हो और विद्यार्थियों को उसके वृहत्तर रूप से परिचित कराया जाय। चूँकि भारत विविधताओं साहित अनेक भाषा भाषी राज्यों का गणराज्य है अतः यह भी आवश्यक है कि अन्य भाषा भाषी राज्य जब हिंदी साहित्य का अध्यापन करें तो वे उसमें उस राज्य की भाषा के प्रतिनिधि साहित्य का हिंदी अनुवाद भी 15 से 20 प्रतिशत

तक सम्मिलित करने के लिये स्वतंत्र हों। इससे वहाँ के विद्यार्थियों की रुचि भी हिंदी साहित्य के अध्ययन हेतु बढ़ेगी और हिंदी भाषी राज्य भी अपनी सुविधानुसार अन्य भाषाओं के साहित्य का हिंदी अनुवाद अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर सकेंगे।

हिंदी साहित्य विषय की अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए मानदंडों के आधार पर निर्मित की गई है जिसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली की मूल भावना आहत न हो।

2. पाठ योजना के लिए शिक्षण अधिगम आधारित दृष्टिकोण

2.1 हिंदी के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रकृति एवं विस्तार

हिंदी साहित्य और भाषा का अध्ययन वैज्ञानिकता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसका सीधा संबंध संवेदना और जीवन से है। विषय के रूप में इसे स्नातक अध्ययन के पाठ्यक्रम में आरंभ से ही न केवल सम्मिलित किया गया है बल्कि उसके विस्तार और नियोजन में विशेष रूप से मानव मूल्यों और सामाजिक यथार्थ को सम्मिलित करने का प्रयास भी किया गया है। साहित्य का सीधा संबंध समाज से होता है। साहित्यकार समाज की यथार्थ स्थिति का न केवल अवलोकन करता है बल्कि उसे भाषा के माध्यम से साहित्य में रूपायित भी करता है। भारतीय साहित्य और वाड्.मय अत्यंत प्राचीन और परंपरा की दृष्टि से परिपुष्ट है। जब हम हिंदी भाषा के साहित्य की बात करते हैं तो पाते हैं कि यों तो खड़ी बोली हिंदी का इतिहास केवल एक हजार वर्ष पुराना है किंतु इसमें और इसकी उपबोलियों में विषद् साहित्य सृजन किया गया है। आरंभ के कालखंडों में केवल पद्य साहित्य की रचना प्रमुखता से की गई किंतु आधुनिक काल में भारतेंदु बाबू के प्रयास से गद्य रचना प्रमुखता से की जाने लगी है। आज हिंदी का गद्य और पद्य दोनों विधाओं में लिखा गया साहित्य अत्यधिक लोकप्रिय है। हिंदी साहित्य और भाषा के अनेक पक्ष हैं जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आदि।वर्तमान में लिखा जा रहा साहित्य अधिक यथार्थवादी और मानवता की संवेदना से संपृक्त है।पूर्व में जहाँ साहित्य रचना में बोलियाँ प्रमुख थीं वहीं बाद में खड़ी बोली ने यह स्थान ले लिया और आज आधुनिक हिंदी का संपूर्ण साहित्य खड़ी बोली में सृजित किया जा रहा है। जहाँ तक भाषा का प्रश्न है तो हम पाते हैं कि हिंदी भाषा सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है और इसकी लिपि की वैज्ञानिकता

भी असंदिग्ध है। उच्चारण अवयवों की सहायता से हिंदी भाषा की वर्तनी का क्रमिक ढंग से उच्चारण किया जाता है और यह इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जहाँ तक वर्णमाला का प्रश्न है तो हिंदी की वर्णमाला में बावन अव्यय पाये जाते हैं जो हिंदी को अत्यंत समृद्ध करते हैं। विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल के विकास में स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम गुणात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम है।

साहित्य की प्रकृति ही ऐसी होती है वह अपने विद्यार्थी को या पाठक को न केवल जीवन के विभिन्न रसों का आस्वाद कराता है बल्कि उन्हें संपूर्ण मनुष्य बनाने में भी सहायता करता है। अध्ययन अधिगम आधारित पाठ्यक्रम संरचना की दृष्टि से स्नातकों को प्रशिक्षित करने के लिए निम्नांकित बिंदु आवश्यक हैं–

1. व्यावहारिक प्रशिक्षण
2. रोजगारपरक पाठ्यक्रम का निर्माण
3. विवेचन और विश्लेषण की क्षमता का विकास
4. संप्रेषण कौशल का विकास
5. योग और आध्यात्म का प्रशिक्षण ताकि विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।
6. पाठ योजना, परियोजना और शोधपरक पत्रों के निर्माण की योग्यता का विकास।
7. रिपोर्ट, आलेख, रचनाएँ, लेखन की प्रवृत्ति का विकास।
8. मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कौशल संबंधी पाठों का निर्माण आदि।

2.2 हिंदी के स्नातक पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम का उद्देश्य निम्नांकित लक्ष्यों को प्राप्त करना है–

1. विद्यार्थियों को संवेदनशील नागरिक बनाना।
2. एक कुशल वक्ता का निर्माण करना।
3. समाज और समुदाय के प्रति संवेदनशील दृष्टि का विकास करना।
4. राष्ट्रीय चेतना का विकास करना।
5. मानवीय मूल्यों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना।
6. साहित्य में राष्ट्र और राष्ट्रवाद केसही अर्थों को बताना।

7. मूलभूत कौशल जैसे लेखन, श्रवण और अभिव्यक्ति का विकास करना।
8. स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर तक के विशिष्ट साहित्य से परिचित कराना।
9. भाषा संबंधी कौशल का विकास करना।
10. उच्चारण, वर्तनी और लिपि का सही–सही ज्ञान कराना।
11. समाज के विभिन्न समुदायों के प्रति सहिष्णुता की भावना का विकास करना।
12. विभिन्न साहित्यिक विधाओं की जानकारी देना।

3. स्नातकीय विशेषता

3.1 विषय का ज्ञान

क. साहित्य के विभिन्न रूपों, विधाओं, कालखंड और आंदोलनों की पहचान करना, उनके बारे में चर्चा करना तथा आलेख लिखने की योग्यता।

ख. विभिन्न साहित्यिक और समीक्षात्मक अवधारणाओं को समझने की योग्यता।

ग. पाठ को गंभीरतापूर्वक पढ़ने की योग्यता

घ. विभिन्न विधाओं के तथ्य, ऐतिहासिक संदर्भ को जानने की योग्यता।

ड. भाषा वैज्ञानिक और शैलीगत विविधताओं को समझने की योग्यता।

च. विभिन्न प्रायोगिक सरंचनाओं की सहायता से पाठ विश्लेषण और पाठालोचन की योग्यता।

छ. सामाजिक, धार्मिक, क्षेत्रीय, लैंगिक, राजनैतिक और आर्थिक संदर्भों में साहित्य को जानने की योग्यता।

ज. विभिन्न संदर्भों में प्रश्नाकुलता की योग्यता।

झ. साहित्य को पढ़ने के उपरांत समीक्षात्मक दृष्टि से स्थानीय और वैश्विक संदर्भों को जानने की उत्सुकता का विकास।

ट. भारतीय मानकों और संदर्भों के परिप्रेक्ष्य में साहित्य को जानने, समझने और विश्लेषण करने की योग्यता।

3.2 संप्रेषण कौशल

क. साहित्यिक, अकादमिक और बोलचाल की हिंदी को बोलने और लिखने के कौशल का विकास।

ख. पढ़ने और सुनने के कौशल पर विकास।

ग. स्पष्ट रूप से समीक्षात्मक अवधारणाओं का प्रयोग करने की योग्यता।

घ. अभिव्यक्ति के विभिन्न कौशलों का विकास।

3.3 आलोचनात्मक दृष्टिकोण

क. पढ़ने के पश्चात आलोचनात्मक दृष्टिकोण का विकास।

ख. तुलनात्मक दृष्टि से अन्य भाषाओं के साहित्य के पुनरावलोकन का विकास।

ग. ऐतिहासिक संदर्भों में पाठ निर्धारण करने की योग्यता।

घ. साहित्य को विभिन्न कालखंडों में बाँटने की योग्यता तथा संक्रमण काल के मध्य की स्थितियों को समझने की योग्यता।

3.4 समस्याओं का समाधान

क. विश्लेषण कौशल के माध्यम से दूसरों को साहित्य से परिचित कराने की योग्यता।

ख. दूसरी भाषाओं के साहित्य की अंतर्वाही धारा को पकड़ पाने की योग्यता।

ग. अनुवाद के माध्यम से पारस्परिक संबंधों को खोज करने की योग्यता।

3.5 विश्लेषणात्मक और तार्किक दृष्टि का विकास

क. श्रेष्ठ साहित्य की विशेषता और कमजोरियों का विश्लेषण करने की योग्यता।

ख. तार्किक रूप से साहित्य के अनुशीलन की योग्यता।

ग. समीक्षा के नए बिंदुओं के अन्वेषण की योग्यता।

3.6 अनुसंधान कौशल

क. समस्याओं को खोजने की योग्यता ।

ख. शोध परिकल्पना और प्रश्नांकन की योग्यता ताकि जिज्ञासाओं का विभिन्न उत्तरों के

माध्यम से शमन किया जा सके।

ग. शोध–पत्र हेतु योजना बनाना और शोध–पत्र लिखने की योग्यता।

3.7 समूह कार्य और समय प्रबंधन

क. कक्षा में होने वाली समूह चर्चा में सकारात्मक रूप से प्रतिभाग करने की योग्यता।

ख. समूह कार्य में योगदान करने की रुचि।

ग. दिए गये समय में कार्य पूर्ण करने की योग्यता।

घ. समूह निर्माण की योग्यता।

ड. योग्यतानुसार समूह कार्य आबंटन का कौशल।

3.8 वैचारिक स्पष्टता

क. अध्ययन के उपरांत साहित्य के संबंध में वैचारिक दृष्टि का विकास।

ख. दूसरे विचारों का साहित्य पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन।

ग. स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की वैचारिकी से परिचय।

3.9 स्वाध्याय के प्रति विशेष रुचि का विकास

क. साहित्यिक और समीक्षात्मक कृतियाँ पढ़ते समय स्वाध्याय की भावना का विकास।

ख. व्यक्तिगत शोध के साथ–साथ प्रश्न निर्माण और उत्तर देने की योग्यता का विकास।

ग. दूसरों को स्वाध्याय हेतु प्रेरित करने की योग्यता का विकास।

3.10 डिजिटल साक्षरता

क. सूचना एवं तकनीकी कौशल से परिचय ।

ख. तकनीकी उपकरणों का विधिवत उपयोग करने की योग्यता का विकास।

3.11 बहुसांस्कृतिकता

क. विभिन्न भाषाओं (भारतीय एवं विदेशी) के साहित्य के अध्ययन के द्वारा सांस्कृतिक बहुलता को जानने के प्रति रुचि।

ख. विभिन्न विविधताओं को स्वीकार करने की क्षमता का विकास।

ग. बहुसांस्कृतिकता को आत्मसात करने की योग्यता।

3.12 नैतिक और सामाजिक मूल्य

क. सामाजिक मूल्यों को स्पष्ट रूप से समझने के कौशल का विकास।

ख. नैतिक मूल्य के प्रति जागरुकता और उनके प्रचार–प्रसार के लिये रुचि उत्पन्न होने की संभावना का विकास।

ग. साहित्य के माध्यम से विभिन्न सामाजिक समस्याओं/संदर्भों जैसे– पर्यावरण, धर्म, राजनीति, समाज आदि को जानने–समझने की जिज्ञासा का विकास।

3.13 जीवनपर्यंत प्रशिक्षण

क. साहित्य के अध्ययन के माध्यम से स्थायित्वबोध का विकास।

ख. व्यक्तिगत और समष्टिगत दृष्टिकोण का समायोजन करते हुए नए मूल्यों की स्थापना।

ग. ऐसी साहित्यिक रचनाओं का अध्ययन जो चिरकालिक और स्थानीय से लेकर वैश्विक महत्व की हैं।

4. हिंदी प्रतिष्ठा में स्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए योग्यता निरूपक।

हिंदी प्रतिष्ठा में स्नातक उपाधि प्राप्त करने हेतु योग्यता निरूपक बिंदुओं में मुख्य रूप से शिक्षण के पाँच तत्व नियामक होंगे। ये हैं–

1. साहित्य और भाषा की समझ
2. उनका अनुप्रयोग
3. सम्प्रेषण
4. विस्तार
5. विषय के ज्ञान के आधार पर उसका समग्र विश्लेषण

इन तत्वों में विद्यार्थियों की जागरुकता का वह हिस्सा भी सम्मिलित होगा जिसके तहत वर्ग, लिंग, जाति, समुदाय और धर्म आदि शामिल रहते हैं ताकि इन सब के वैविध्य से विद्यार्थी परिचित हो सकें और पारदर्शिता के साथ इनके उद्देश्यों का चिंतन का ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस तरह यह कहा जा सकता है कि हिंदी प्रतिष्ठा के पाठ्यक्रम के नियामक बिंदुओं में सम्प्रेषण, विश्लेषण और तार्किकता का स्पष्ट और मुख्य स्थान रहे।

हिंदी में उपाधि प्राप्त करने वाले प्रत्येक स्नातक में निम्नांकित योग्यताओं का विकास होना आवश्यक हैं–

1. इस अध्ययन के बाद हिंदी साहित्य के संबंध में उसे व्यवस्थित ज्ञान प्राप्त हो सके ताकि वह उसे उचित ढ़ंग से दूसरों को हस्तांतरित कर सके।
2. विद्यार्थी को भारत में हिंदी के विकास की पूर्ण जानकारी हो सके। इसमें साहित्य की विभिन्न विधाओं, उनके उपरूपों, कालखंड, आंदोलनों और लेखन की पारंपरिक तथा आधुनिक पद्धतियों की पहचान भी सम्मिलित होनी चाहिए ताकि वह इन्हें श्रेणीबद्ध करते हुए आलोचनात्मक ढग से इसे ग्रहण कर सके।
3. बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में साहित्य की भूमिका को समझ सके और उसे दैनन्दिन और व्यावसायिक संदर्भों से जोड़कर उसे अभिव्यक्त कर सके। विषय के ज्ञान के संबंध में बात करते समय जब हम यह चर्चा करते हैं कि विद्यार्थी को साहित्य का पाठ करना आवश्यक होता है ताकि वह परंपराओं, संदर्भों, अंतर्वस्तु, शिल्प और उसके मूल्यों को जान सके ऐसे में इस महत्वूपर्ण की कुंजी इसमें निहित है कि वे जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, वर्ग, राजनीति आदि के बारे में स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर पर एक विशेष दृष्टि का विकास कर सकें।
4. हिंदी साहित्य और उसके अनुवाद के अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थी में स्पष्टतः लेखन कौशल का विकास भी होना चाहिए।
5. विद्यार्थी में विवेचना शक्ति का पर्याप्त विकास हो सके, यह भी आवश्यक है।
6. विद्यार्थी विभिन्न जीवन मूल्यों और साहित्यिक मूल्यों दोनों के संदर्भ में अपने विचार और सुझाव दे सके ताकि कक्षा से लेकर समाज के बीच उसके ज्ञान का पर्याप्त प्रदर्शन हो सके।
7. विद्यार्थी को प्रयोजनमूलक हिंदी का ज्ञान भी हो सके ताकि वह जीवन के विभिन्न मंचों यथा– कक्षा, कार्यालय, जनसंचार और तकनीकी से जुड़े मंचों पर विभिन्न रूपों में अपनी अभिव्यक्ति दे सके। ये रूप रिपोर्ट, परियोजना, सूचना, आलेख अथवा समाचार आदि हो सकते हैं।
8. रोजगार के क्षेत्र में हिंदी साहित्य और भाषा का क्या महत्व है इसकी पहचान कर सके। वह अध्यापन, प्रकाशन, अनुवाद, संप्रेषण, जनसंचार, राजभाषा, लेखन आदि कोई भी क्षेत्र हो सकता है।

9. साहित्य के माध्यम से मूल्यों का संप्रेषण समाज में करने की योग्यता भी विद्यार्थी में विकसित होनी चाहिए ताकि वह भारतीय परंपराओं और आदर्शों को भविष्य में अपने साथियों अथवा विद्यार्थियों के बीच प्रसारित प्रचारित कर सके।

यह पाठ्यक्रम विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थियों की योग्यता का उन्नयन करने में सहायक हो सकेगा साथ ही साथ यह सामाजिक जटिलताओं को साहित्य के माध्यम से समझाने में भी निर्धारक के रूप में काम करेगा। साहित्य के साथ–साथ भाषा की समझ भी विद्यार्थियों में विकसित होगी जिसकी सहायता से विद्यार्थी चिंतन, विश्लेषण और मूल्यांकन से संबंधित आधार बिंदुओं को जान सकेंगे। उनकी रोजगार पाने की योग्यता तो विकसित होगी ही, वे विभिन्न संदर्भों को भी जान सकेंगे जो कि धारणीय विकास और समाधान में सहायक होगें। एक उत्तम भारतीय नागरिक होने के लिए आवश्यक है कि लोक से लेकर शास्त्र तक का साहित्यिक ज्ञान व्यक्ति को हो, तभी वह एक उत्तम विश्व नागरिक भी बन सकेगा और समाज के प्रति अपनी उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए ऋणमुक्त हो सकेगा।

5. कार्यक्रम अधिगम परिणाम

स्नातक हिंदी (प्रतिष्ठा) कार्यक्रम से संबद्ध अधिगम परिणाम इस प्रकार है–

1. साहित्य संप्रेषण के आधार बिंदुओं की जानकारी देना ताकि साहित्य के संबंध में एक स्पष्ट समझ विकसित हो सके।
2. हिंदी साहित्य और भाषा का व्यवस्थित और तर्कसंगत ज्ञान कराना ताकि उसके सैद्धांतिक पक्ष और साहित्यिक विकास के संबंध में पर्याप्त जानकारी मिल सके।
3. साहित्य की विभिन्न विधाओं को पढ़ने और समझने की योग्यता का विकास करना।
4. साहित्य लेखन की विविध शैली और समीक्षात्मक दृष्टि का विकास करना।
5. स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक सांस्कृतिकता के वृहद संजाल के बारे में जानकारी देना ताकि विद्यार्थी में साहित्यिक मूल्यांकन की योग्यता विकसित हो सके।
6. समीच्य दृष्टि और व्यवस्थित वैचारिकी का प्रदर्शन करना जिससे कि हिंदी साहित्य के अध्ययन के प्रति जिज्ञासा और प्रश्न उत्पन्न हो सके।
7. आधुनिक संदर्भों में तकनीकी संसाधनों को इस्तेमाल करते हुए हिंदी साहित्य की जानकारी देना।

8. प्रत्येक स्तर पर जीवन मूल्यों और साहित्यिक मूल्यों का निर्धारण करने की क्षमता और ज्ञान का विकास करना।
9. विद्यार्थी में लेखन, वाचन और श्रवण के साथ–साथ कल्पनाशक्ति का विकास करना जिससे कि उसके समग्र व्यक्तित्व में निखार आ सके।
10. साहित्य के अध्ययन के बाद रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों की पहचान करते हुए रोजगार के नए मार्ग तलाशना।
11. वर्तमान युग सूचना क्रांति का युग है जिसमें अभिव्यक्ति की प्रधानता है ऐसे में तकनीकी के विकास ने साहित्य संचरण को अत्यंत सुगम बना दिया है इसी के परिप्रेक्ष्य में हिंदी साहित्य लेखन और अनुवाद का मंच प्रदान करना जिसका उपयोग कर जनसंचार से लेकर व्यक्तित्व विकास तक में विद्यार्थी निष्णात हो सके। विद्यार्थी की रुचियों को एक व्यवस्थित रूप देना और उन्हें विभिन्न विधाओं में से चयन की स्वतंत्रता प्रदान करना ताकि वे स्नातक कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद खुद ही साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में से अपनी रुचि के अनुसार चयन कर सकें।
12. भारत के साहित्यिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को जानने के प्रति जागरुकता पैदा करना भी हिंदी साहित्य के अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य है।

6. षिक्षण अधिगम पद्धति

सीखने की प्रक्रिया न केवल चुनौतीपूर्ण होती है बल्कि इसमें अनेक तत्व समाहित रहते हैं। सीखने के दौरान विद्यार्थी मनोरंजन भी प्राप्त करता है, स्वयं उसमें संलग्न भी होता है और सुझाव भी देता है। इसीलिए विद्यार्थियों को अध्यापन के दौरान हमेशा इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वे विषय केंद्रित रहते हुए स्वयं भी अन्वेषण की प्रक्रिया से गुजरें ताकि उसमें संलग्न भी रहे और उन्हें कुछ नया भी प्राप्त हो सके। विद्यार्थी को इस बात के लिए भी प्रेरित करना चाहिए कि वे प्रतिदिन पाठ्यक्रम के किसी एक हिस्से को केंद्र में रखे। उसकी आधारभूत संरचना को जानने का प्रयास करे और यह भी समझने का प्रयास करे कि उस हिस्से का उसके जीवन से लेकर समाज तक की क्या उपयोगिता है। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में निर्णय आधारित दृष्टिकोण के बजाय प्रायोगिक प्रक्रिया पर आधारित दृष्टिकोण पर बल दिया जाना चाहिए। यही एक उत्तम मार्ग है।

अध्यापकों को अनुपातिक ढ़ंग से 20:30:50 की पद्धति का व्यवहार करना चाहिए। इसमें व्याख्यान का हिस्सा 20 प्रतिशत हो, दृश्य का हिस्सा 30 प्रतिशत और अनुभवजन्य चीजें 50 प्रतिशत रहे। इस अनुपात को तात्कालिक आवश्यकताओं के संदर्भ में बदला भी जा सकता है। संस्थाएँ या विश्वविद्यालय ज्ञान संप्रेषण के विभिन्न माध्यम का उपयोग करते हुए प्रक्रिया आधारित अधिगम और समग्र विकास को केंद्र में रखकर उद्देश्यों की प्राप्ति कर सकते हैं। ये माध्यम निम्न प्रकार से हो सकते हैं–

6.1 व्याख्यान

संबद्ध विषय पर आधारित व्याख्यान ऐसे हों जो न केवल विद्यार्थी की रुचि जागरुक करे बल्कि उन्हें इस बात की भी प्रेरणा दे कि वे संबद्ध विषय के बारे में वे स्वयं भी अन्य सामग्री का संचयन करें और उसका अध्ययन करें। व्याख्यान द्विपक्षीय होने चाहिए न कि एकांगी। इससे विद्यार्थी स्वयं भी व्याख्यान में हिस्सा ले सकेगा और अपने विचार या जिज्ञासा भी प्रगट कर सकेगा। इस प्रकार उसकी अंतर्दृष्टि विकसित होगी और वह कुछ सोचने के लिए भी तत्पर होगा।

6.2 संवाद तथा बहस

कक्षाध्यापन में अध्यापक को संवाद को बढ़ावा देना चाहिए ताकि विद्यार्थी विद्यार्थी के बीच, विद्यार्थी अध्यापक के बीच अथवा समूह रूप में विचार विनिमय और संवाद स्थापित हो सके और विद्यार्थियों की विश्लेषण, विवेचन की योग्यता का विकास हो। यदि इस प्रकार का कौशल विद्यार्थियों में विकसित होता है तो वह जीवन के किसी भी क्षेत्र में स्वयं को अभिव्यक्त करने में सफल हो सकेगा।

6.3 परिवेश का सृजन

अध्यापक को कक्षाध्यापन के दौरान पढ़ाये जा रहे पाठ से संबद्ध परिवेश का सृजन करने का प्रयास करना चाहिए। यह संवाद वाचन, अभिनय या सामान्य पाठ वाचन द्वारा भी संभव होता है। इसे स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संदर्भों का भी ज्ञान कराना चाहिए ताकि तुलनात्मक दृष्टि का विकास हो सके।

6.4 समकालीन साहित्य का ज्ञान

अध्यापक को कक्षाध्यापन के दौरान समकालीन साहित्य का ज्ञान भी देना चाहिए। यह विश्लेषण और विवेचन की योग्यता को विकसित कर पायेगा।

6.5 अभिनय पद्धति का प्रयोग

कक्षाध्यापन के दौरान अध्यापक अभिनय पद्धति के माध्यम से भी अध्यापन कर सकता है। इससे विद्यार्थियों की रुचि भी जागृत होती है और वे स्वयं उसमें भाग लेकर उससे जुड़ भी सकते हैं। कविताओं के संदर्भ में उनका पाठ या गायन भी करवाया जा सकता है। एकांकी या बड़े नाटकों के अध्यापन के साथ–साथ उनका पूर्णकालिक मंचन भी हो सकता है। कहानियों के अध्यापन में उनका नाट्य रूपांतरण करवाया जा सकता है। इस प्रकार न केवल सामूहिक रूप से कार्य करने की स्थिति निर्मित होगी बल्कि विद्यार्थियों में परस्पर की भावना का विकास भी हो सकेगा।

6.6 अध्ययन से संबंधित पर्यटन

साहित्य के अध्ययन से संबंधित पर्यटन भी कराया जा सकता है। यदि पाठ्यक्रम में सम्मिलित साहित्यकारों में कुछ उसी नगर या आसपास के हैं तो उनके जन्मस्थान अथवा उनसे जुड़ी जगहों का पर्यटन किया जा सकता है। यदि कतिपय लेखक जीवित हैं तो उन्हें बुलाकर अथवा उनके पास जाकर उनके साहित्य के साथ–साथ साहित्य के अन्य अवयवों की चर्चा भी की जा सकती है।

6.7 क्षेत्रीय अथवा परियोजना कार्य

सुनने में भले ही थोड़ा यह बड़ा अजीब लगे किंतु यह आवश्यक है कि कक्षाध्यापन में भी इस पद्धति को अपनाया जाना चाहिए। विद्यार्थी स्वयं विविध विधाओं में लिख सकते हैं अथवा संबंधित क्षेत्र का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिये 'उसने कहा था' कहानी में अमृतसर का जिक्र है और वहाँ के परिवेश की चर्चा की गई है। यदि कोई विद्यार्थी अमृतसर जाता है तो उसे यह कहानी समझने में आसानी होगी। इसीप्रकार यदि किसी साहित्य में बनारस जैसे शहर का जिक्र है तो विद्यार्थियों को वहाँ अवश्य जाना चाहिए। ताकि संबंधित स्थानों के संबंध में सीधे–सीधे उसे जानकारी मिल सके।

6.8 तकनीकी का सहयोग

वर्तमान समय में तकनीकी में अनेक अनुपलब्ध चीजों को सुगम बना दिया है। आज यदि हमें दिवंगत साहित्यकारों को सुनने की या देखने की जिज्ञासा है तो वह सहज रूप में पूर्ण हो सकती है। जैसे यदि कोई विद्यार्थी किसी बड़े रचनाकार का रचनापाठ उसके मुँह से सुनना चाहता है तो आश्चर्य नहीं कि वह इंटरनेट के माध्यम से उसे सुन सके। इसी प्रकार वह तमाम अनुपलब्ध और दुर्लभ सामग्री को भी सर्च इंजन के माध्यम से खोज सकता है।

इसके अतिरिक्त अध्यापक अन्य नवाचारी पद्धतियों अथवा माध्यमों का उपयोग अपनी कक्षा में कर सकता है जो एक सराहनीय कदम होगा। मीडिया संबंधी पाठ्यक्रम में किसी मीडिया संस्थान में विज़िट कराना उचित होगा।

7. मूल्यांकन पद्धति

7.1 कार्यक्रम अधिगम परिणाम और पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम का संतुलन

स्नातक हिंदी साहित्य (प्रतिष्ठा) के विद्यार्थियों की उपलब्धियों का मूल्यांकन निम्न प्रकार से किया जायेगा।

1. कार्यक्रम अधिगम परिणाम (स्नातक निरूपक)

2. पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम (गुणवत्ता निरूपक)

3. एलओसीएफ द्वारा दिये गये सुझावों (कतिपय चयिनत पाठ्यक्रमों के अधिगम परिणामों के संदर्भ में) में स्नातक अधिगम नियामक के तहत अकादमिक और व्यावसायिक कौशलों को दर्शाया गया है।

7.2 मूल्यांकन की प्राथमिकताएँ

संस्थाओं से यह अपेक्षा होनी चाहिए कि वे अंतिम परीक्षा के आधार पर मूल्यांकन करने के बजाय निर्धारित मूल्यांकन पद्धतियों में प्राथमिकताएँ तय करें अर्थात् सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किए जाएँ न कि वार्षिक परीक्षा के आधार पर। सेमेस्टर

परीक्षा के अंतर्गत आंतरिक मूल्यांकन, सतत मूल्यांकन और सम सत्र (मउमेजमत) के अंत में ली जाने वाली परीक्षाा सम्मिलित हो। आंतरिक मूल्यांकन में कक्षा में आयोजित की जाने वाली मासिक परीक्षा, परियोजना कार्य आदि के अंक भी सम्मिलित रहने चाहिए। इस प्रकार प्रशिक्षु या विद्यार्थी के मूल्यांकन की सतत प्रगति से अवगत हुआ जा सकता है।

कक्षा के दौरान ली जाने वाली आकस्मिक परीक्षा में पुस्तक सहित और पुस्तक रहित परीक्षा जो एक घंटे अथवा दो घंटे की भी हो सकती है ली जानी चाहिए। इसी प्रकार परियोजना कार्य आस पास परिवेश, सामाजिक समस्याओं और उनके समाधान आदि पर आधारित हो।

रचनात्मक लेखन को भी परियोजना का विषय बनाया जा सकता है। परियोजना कार्य एकल रूप में अथवा समूह बनाकर भी लिया जा सकता है। इसी प्रकार समस्यापूर्ति दी जा सकती है। त्वरित आलेख भी सम्मिलित किया जा सकता है। यह त्वरित आलेख शब्द सीमा में भी बंधा हो सकता है और पृष्ठ सीमा में भी। मौखिक प्रस्तुतियाँ, संगोष्ठी आदि में प्रतिभागिता, साक्षात्कार, लघु उत्तरीय प्रश्न और तकनीकी ज्ञान के परीक्षण के आधार पर भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए। इस प्रकार विद्यार्थी का समग्र मूल्यांकन हो सकेगा।

7.3 अधिगम परिणाम तालिका

मूल्यांकन पद्धति में अंक विभाजन करते समय संस्थाओं को स्पष्ट रूप से यह उल्लेख करना चाहिए कि किस कार्य हेतु कितनी क्रेडिट्स दी जा रही हैं और उनका विभाजन करते समय प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अधिभार तय किये जाने चाहिए। निम्नांकित तालिका के माध्यम से अधिगम परिणाम अंकपत्र को समझने में आसानी होगी। (तालिका अंत में दी गई है।)

7.4 अधिभार निर्धारण

कोई भी संस्था अधिभार निर्धारण करते समय पूर्व सम सत्र (1st, 3rd, 5th Semeester) और उत्तर समसत्र (2nd, 4th, 6th Semester) में 60:40 के अनुपात में अंकों का निर्धारण कर सकती है। यह निर्धारण अलग अलग हो सकता है। उदाहरण के लिए 60 प्रतिशत को 20+10+10+15+05 में बांटा जा सकता है। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं जैसे 20 प्रतिशत लिखित कक्षा परीक्षा के लिए, 10

प्रतिशत व्यक्तिगत परियोजना कार्य के लिए, 10 प्रतिशत समूह परियोजना कार्य के लिए, 15 प्रतिशत उपस्थिति व अन्य प्रकार के व्यवहार के लिए और 05 प्रतिशत मौखिक प्रस्तुति के लिए हो सकते हैं।

इसी प्रकार 40 प्रतिशत अंक सत्र के अंत में दी जाने वाली परीक्षा के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं। उक्त प्रश्नपत्र में तीन तरह के प्रश्न होने चाहिए। 1. बहुविकल्पीय, 2. लघु उत्तरीय, 3. दीर्घ उत्तरीय। इसे सुविधानुसार 10+15+15 में विभाजित किया जा सकता है। अध्यापक प्रश्नों का निर्धारण इस प्रकार करे कि उस सम सत्र में पढ़ाया जाने वाला संपूर्ण पाठ्यक्रम उसमें समाहित रहे।

7.5 नवाचार और लचीलापन

अध्यापकों को सदैव नवाचार करने और लचीलापन अपनाने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए ताकि इस प्रपत्र में अधिगम परिणाम से संबद्ध और रेखांकित किए गए बिंदुओं का सही अर्थों में उपयोग किया जा सके। मूल्यांकन से संबंधित सारे बिंदु स्पष्ट रूप से सभी उपयोगकर्ताओं को संप्रेषित किए जाने चाहिए। यदि इसमें किसी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्धन किया जाता है तो उसकी भी यथासमय सूचना देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

7.6 स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व

स्वतंत्रता और उत्तरदायित्व प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए अत्यन्त आवश्यक है। वास्तव में यह अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना की कुंजी है जो इसकी सफलता का निर्धारक तत्व भी है। उदाहरण के लिए शोध कार्य में शोधार्थी को अधिक से अधिक पुस्तकालय का उपयोग करने, साहित्य का सर्वेक्षण करने मौलिक आधारों को जानने, तार्किक और सृजनात्मक योग्यता का विकास करने आदि के लिए प्रेरित करना चाहिए। यहाँ भी प्रत्येक गतिविधि के लिए अंक निर्धारण किए जा सकते हैं। किसी भी संस्था की उत्कृष्टता इस बात पर निर्भर करती है कि वे पाठ्यक्रम के अध्ययन के पश्चात किस प्रकार का परिणाम प्राप्त कर पा रहे हैं। यह भी कि वे अपने लक्ष्यों की पूर्ति में कितने सफल हैं। इस दृष्टि से नवाचार का होना अत्यंत आवश्यक है। इससे अध्ययन में और अध्यापन में पारदर्शिता बनी रहती है।

7.7 गतिविधियों का समूहन और समायोजन

विभिन्न गतिविधियों के कुछ समूह बनाये जा सकते हैं और उन्हें समायोजित करते हुए उनके लिए अधिभार तय किया जा सकता है। ऐसा करते समय इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि प्रशिक्षण अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस हेतु संस्थाएँ कुछ समूहों अथवा सभी समूहों का चयन कर सकती हैं ताकि विद्यार्थी का समूचित विकास हो। इन पद्धतियों में खुला साक्षात्कार, समूह चर्चा, एकल अथवा समूह प्रश्न सत्र, कक्षा प्रस्तुति, पुस्तकालय अथवा क्षेत्र विशेष का भ्रमण, टर्म पेपर, पोस्टर प्रस्तुतिकरण आदि सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक क्रेडिट के लिए कुछ घंटे भी निर्धारित किए जा सकते हैं।

7.8 पुनर्परीक्षण और संशोधन

प्रत्येक संस्था के लिए यह आवश्यक है कि वह पाठ्यक्रम का एक अंतराल के बाद पुनर्परीक्षण करे और यदि आवश्यक हो तो उसमें संशोधन भी करे। यह भी आवश्यक है कि संस्थाएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली के दिशा निर्देशों के आलोक में इस अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम को लागू करने हेतु अपने नियमों, परिनियमों और अधिनियमों में आवश्यक संशोधन और संयोजन करे ताकि इसमें दिये गए सुझावों को लागू किया जा सके।

7.9 एलओसीएफ की मूल भावना

यहाँ दिये गए अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना के दिशा निर्देश सुझाव की तरह हैं। अतः संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि वे इनके परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन पद्धतियों का निर्धारण तात्कालिक परिस्थितियों और संदर्भों के आलोक में इस प्रकार करें कि एलओसीएफ की मूल भावना बनी रहे। हिंदी साहित्य से संबंधित अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना का मूल उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी का क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भों में सही मूल्यांकन किया जा सके ताकि उसका पारदर्शी और सही ढंग से परीक्षण हो सके।

भाग 2

2.1 हिंदी के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम की संरचना

टिप्पणी : हिंदी के स्नातक प्रतिष्ठा पाठ्यक्रम की संरचना हेतु समिति ने CBCS के प्रपत्र में उल्लिखित क्रेडिट का पालन किया है जो प्रति पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट निर्धारित है।

A. तीन वर्षीय स्नातक(प्रतिष्ठा)पाठ्यक्रम 14 प्रष्नपत्र (14x6= 84 क्रेडिट)

B. विषय केंद्रित निम्नांकित प्रश्न पत्रों में से कोई चार प्रष्नपत्र (4x6= 24 क्रेडिट)

C. हिंदी सामान्य (generic) आत्मिक पाठ्यक्रम (HGEC) 4 papers (4x6= 24 क्रेडिट)

(यह पाठ्यक्रम हिंदी ऑनर्स के अतिरिक्त अन्य ऑनर्स के विद्यार्थियोंके लिए निर्धारित है)

D. हिंदी कौशल –संवर्धन ऐच्छिक पाठयक्रम (HSEC)

(क और ख वर्ग में से किन्हीं दो का चयन)

क - 2 प्रष्नपत्र (2x4=8 क्रेडिट)
ख- 2 प्रष्नपत्र (2x4=8 क्रेडिट)

कुल योग (A+B+C+D): 148 (84+24+24+8+8) क्रेडिट

A. तीन वर्षीय स्नातक (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम 14 प्रष्नपत्र

क्रम सं.	**पाठ्यक्रम का शीर्षक**	**क्रेडिट: 6 क्रेडिट प्रत्येक कुल 84 क्रेडिट (क्रेडिट विभाजन UGC/CBCS के आधार पर संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा).** [टिप्पणी : **जहॉ कुछ पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (5) ट्यूटोरियल (2) अन्य**(0) आवष्यक है तो कुछ अन्य**पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (4) ट्यूटोरियल (1) अन्य** (1) आवष्यक है	**क्रेडिट के घंटों का विभाजन व्याख्यान, 4 /[5]/[4] ट्यूटोरियल,1/[1]/(0) अन्य 1 /[0]/[2]2 [टिप्पणी : षिक्षण और मूल्यांकन के अधिभार के आधार पर विभिन्न विकल्प निर्भर हो सकते हैं]**
1.	प्रष्न पत्र–1.हिंदी साहित्यः आदिकाल	6	

	से पूर्व मध्यकाल–रचनाएँ व इतिहास		
2	प्रष्न पत्र–2. हिंदी साहित्यः उत्तर मध्यकाल– रचनाएँ व इतिहास	6	
3	हिंदी साहित्य : भारतेंदु युग से छायावादी कविता तक – रचनाएँ व इतिहास	6	
4	हिंदी साहित्य : प्रगतिवाद से 20 वीं शताब्दी तक–रचनाएँ व इतिहास	6	
5	कथा साहित्य : कहानी व उपन्यास	6	
6	हिंदी नाट्य साहित्य	6	
7.	कथेतर गद्य साहित्य	6	
8.	हिंदी गद्य साहित्य का इतिहास	6	
9	हिंदी आलोचना	6	
10.	हिंदी भाषा और भाषा विज्ञान	6	
11.	भारतीय काव्यशास्त्र	6	
12.	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	6	
13.	मीडिया के विविध आयाम	6	
14.	प्रयोजनमूलक हिंदी	6	
B. विषय केंद्रित निम्नांकित प्रश्न पत्रों में से कोई चार प्रश्नपत्र (4x6= 24 क्रेडिट)			
	पाठ्यक्रम का शीर्षक	**क्रेडिट: 6 क्रेडिट प्रत्येक कुल 24 क्रेडिट**(4x6) **(क्रेडिट विभाजन UGC/CBCS के आधार पर संस्थाओं के द्वारा किया**	**क्रेडिट के घंटों का विभाजन व्याख्यान, 4 /[5]/[4] ट्यूटोरियल,1/[1]/(0) अन्य 1 /[0]/[2]2 [टिप्पणी : शिक्षण और मूल्यांकन के**

		जाएगा). [टिप्पणी : **जहॉ कुछ पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (5) ट्यूटोरियल (2) अन्य**(0) आवष्यक है तो कुछ अन्य**पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (4) ट्यूटोरियल (1) अन्य(1)** आवष्यक है	**अधिभार के आधार पर विभिन्न विकल्प निर्भर हो सकते हैं]**
1	लोक साहित्य	6	
2	प्रवासी साहित्य	6	
3	भारतीय साहित्य	6	
4	स्थानीय भाषा के साहित्य का देवनागरी लिपि में अध्ययन	6	
5	हिंदी में अनूदित विश्व साहित्य (अल्बेयर कामू, चेख़व, शेक्सपियर, विलियम वर्डस्वर्थ)	6	
6	बाल साहित्य	6	
7	राष्ट्रीय चेतना की कविता	6	
8	सृजनात्मक लेखन	6	
9	राजभाषा हिंदी	6	
C. हिंदी सामान्य (generic) **आत्मिक पाठ्यक्रम** (HGEC) **कोई चार** **(यह पाठ्यक्रम हिंदी ऑनर्स के अतिरिक्त अन्य ऑनर्स के विद्यार्थियोंके लिए निर्धारित है)**			
	पाठ्यक्रम का शीर्षक	**क्रेडिट: 6 क्रेडिट प्रत्येक कुल 24 क्रेडिट**(4x6) **(क्रेडिट विभाजन UGC/CBCS के आधार पर संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा).** [टिप्पणी : **जहॉ कुछ पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (5) ट्यूटोरियल (2)**	**क्रेडिट के घंटों का विभाजन व्याख्यान, 4 /[5]/[4] ट्यूटोरियल,1/[1]/(0) अन्य 1 /[0]/[2]2 [टिप्पणी : षिक्षण और मूल्यांकन के अधिभार के आधार पर विभिन्न विकल्प निर्भर हो सकते हैं]**

		अन्य(0) आवष्यक है तो कुछ अन्य**पाठ्यक्रमों मेंव्याख्यान (4) ट्यूटोरियल (1) अन्य(1)** आवष्यक है	
1	सृजनात्मक लेखन	6	
2	पटकथा तथा संवाद लेखन	6	
3	साहित्य और सिनेमा	6	
4	सोशल मीडिया और हिंदी	6	
5	लोक नाट्य परम्परा और हिंदी	6	
6	राष्ट्रीय चेतना और हिंदी रंगमंच	6	
7	पर्यटन और साहित्य	6	

D. <u>हिंदी कौशल –संवर्धन ऐच्छिक पाठयक्रम (HSEC)</u>

<u>(कोई दोः क और ख वर्ग में से दो–दो का चयन)</u>

<u>क.</u>

	पाठ्यक्रम का शीर्षक	**क्रेडिट (2x4)**	क्रेडिट के घंटे संस्था के द्वारा निर्धारित किये जाएँगे।
1	लेखन कौशल	4	
2	भाषा शिक्षण कौशल	4	
3	अनुवाद कौशल (हिंदी से अंग्रेजी , अंग्रेजी से हिंदी)	4	
4	कम्प्यूटर अनुप्रयोग	4	

ख.

	पाठ्यक्रम का शीर्षक	**क्रेडिट (2x4)**	क्रेडिट के घंटे संस्था के द्वारा निर्धारित किये जाएँगे।
1	कार्यालयी हिंदी	4	
2	विज्ञापन और समाचार लेखन	4	
3	मीडिया के लिए साक्षात्कार	4	

प्रश्न पत्र–1.हिंदी साहित्य : आदिकाल से पूर्व मध्यकाल– रचनाएँ व इतिहास

पाठ्यक्रम के इस भाग का अधिगम परिणाम निम्नवत होगा–

- विद्यार्थी 11वीं शताब्दी से लेकर मध्यकाल के पूर्वार्ध तक के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक संदर्भों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- हिंदी साहित्य के प्रारंभिक और विकासात्मक स्वरूप से परिचित हो सकेंगे।
- हिंदी साहित्य के साहित्यकारों और उनकी रचनाओं के बारे में जान सकेंगे।
- हिंदी के भावगत, भाषागत और शैलीगत विकास से परिचित हो सकेंगे।

प्रस्तावित संरचना–

- हिंदी के इतिहास का काल विभाजन
- आदिकाल का नामकरण
- आदिकालीन परिस्थितियाँ
- रासो काव्य परंपरा
- जैन साहित्य/नाथ साहित्य
- भक्ति काव्य और उसका वर्गीकरण
- निर्गुण भक्ति काव्य का स्वरूप
- प्रेमाख्यान काव्य की प्रवृत्तियां
- सगुण भक्ति काव्य की प्रवृत्तियां
- निर्गुण भक्ति काव्य की भाषा का स्वरूप

(पृथ्वीराज रासो, खुमान रासो, हमीर रासो, परमाल रासो) कबीरदास, रैदास, नानक देव, दादू दयाल, सुंदर दास, मलूकदास की रचनाएँ (पद्मावत, मधुमालती, रूप मंजरी) तुलसीदास, मीराबाई, अग्रदास, सूरदास, कुंभनदास, नंददास, छीतस्वामी।

सहायक ग्रंथ –

1. मध्यकालीन काव्य चिंतन और संवेदना, डॉ. करुणा शंकर उपाध्याय
2. कबीर की विचारधारा, डॉ. गोविंद त्रिगुणायत
3. विद्यापति, डॉ. शिवप्रसाद सिंह
4. कबीर साहित्य की परख, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी
5. जायसी, डॉ. विजयदेव नारायण साही
6. सूर और उनका साहित्य, डॉ. हरवंशलाल शर्मा
7. मध्यकालीन काव्य वैभव, डॉ. शीलता प्रसाद दूबे
8. तुलसी काव्य मीमांसा, डॉ. उदयभानु सिंह
9. कबीर का रहस्यवाद, डॉ. रामकुमार वर्मा
10. तुलसी और उनका युग, डॉ. राजपति दीक्षित
11. मीराबाई .

प्रष्न पत्र–2.हिंदी साहित्य का उत्तर मध्यकाल– रचनाएँ व इतिहास

पाठ्यक्रम के इस भाग का अधिगम निम्नवत होगा–

- विद्यार्थियों को भारतवर्ष की 17वीं से 19वीं शताब्दी के मध्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य आदि का ज्ञान प्राप्त होगा।
- इस काल के साहित्यकार और उनकी रचनाओं से वे परिचित हो सकेंगे।
- इस काल के साहित्य का भावात्मक और राजसत्तात्मक प्रभाव ज्ञान प्राप्त होगा।
- इससे सृजन के काव्य रूप का ज्ञान प्राप्त होगा।
- इससे साहित्य सृजन के आधार हिंदी भाषा और मौलिक स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होगा।

प्रस्तावित संरचना–

- उत्तर मध्यकाल नामकरण
- रीतिकालीन परिस्थितियाँ
- रीतिकालीन काव्य भाषा
- रीतिबद्ध काव्य की प्रवृत्तियाँ
- रीतिमुक्त काव्य की प्रवृत्तियाँ
- रीतिकालीन भक्ति का स्वरूप

  (बिहारी, मतिराम, सेनापति, भूषण, सेनापति,घनानंद)

सहायक ग्रंथ–

1. हिंदी में श्रृंगार परंपरा और महाकवि बिहारी, डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त
2. बिहारी का नवमूल्यांकन, डॉ. बच्चन सिंह

3. देव और बिहारी, कृष्ण बिहारी मिश्र
4. बिहारी की कविकृति, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
5. घनानंद और स्वच्छंद काव्यधारा, मनोहरलाल गौड़
6. भूषण साहित्यिक एवं ऐतिहासिक अनुशील, भगवानदास तिवारी
7. भूषण, राजमल बोरा
8. रीतिकालीन साहित्य का पुनर्मूल्यांकन, रामकुमार वर्मा
9. रीतिकाव्य की भूमिका, डॉ. नगेंद्र

प्रष्न पत्र – 3.हिंदी साहित्य : भारतेंदु युगीन कविता से छायावादी कविता तक – रचनाएँ व इतिहास

पाठ्यक्रम के इस भाग का अधिगम परिणाम निम्नवत होगा–

1. इस पाठ के तीन खंड होंगे–भारतेंदु युगीन कविता, द्विवेदी युगीन कविता और छायावादी कविता। इस प्रकार 20वीं शताब्दी की शुरुआत के कुछ पूर्व से ही इस पाठ में विद्यार्थियों को कविता के स्वरूप का ज्ञान होगा। छायावादी कविता के काल तक आते–आते कविता की भाषा–शिल्प और संवेदना के क्रमिक विकास को विद्यार्थी जान सकेंगे।
2. भारतेंदु युग से छायावाद तक के काल की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थितियों एवं परिवेश से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।
3. तत्कालीन राजनीति, सांस्कृतिक आंदोलनों एवं उनके साहित्यिक रूपान्तरण के बारे में जान सकेंगे।
4. राष्ट्रीय नवजागरण के परिदृश्य से परिचित हो सकेंगे।
5. ब्रजभाषा से क्रमशः खड़ी बोली के कविता भाषा बनने और निखरने के इतिहास से परिचित हो सकेंगे।
6. छायावादी काव्य संवेदना और अभिव्यक्ति सौंदर्य से परिचित हो सकेंगे।
7. आख्यानों की आधुनिकता से अवगत होंगे।

प्रस्तावित संरचना–

भारतेंदु युग (नवजागरण काल)

- भारतेंदु पूर्व काव्यधारा (पीठिका)
- भारतेंदु युगीन परिवेश : सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवेश
- भारतेंदु युगीन काव्यधारा : सामाजिक चेतना, भक्ति भावना, श्रृंगार प्रियता, प्रकृति प्रेम, राष्ट्रीय चेतना, समस्यापूर्ति, हास्य आदि।

- भारतेंदु युगीन कवि : भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रतापनारायण मिश्र, बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन', अम्बिकादत्त व्यास, जगमोहन सिंह, राधाकृष्ण दास, राधाचरण गोस्वामी आदि।
- कवियों की रचनाएँ

  द्विवेदीयुग – जागरण–सुधार काल
- द्विवेदीयुगीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ : राष्ट्रीयता, मानवता, नीति और आदर्श, वर्ण्य विषयों में विविधता और क्षेत्र विस्तार, हास्य–व्यंग्य संबंधी काव्य, विभिन्न काव्य रूपों का प्रयोग, छंद वैविध्य, भाषा सौष्ठव आदि।
- द्विवेदीयुगीन कवि : श्रीधर पाठक, महावीर प्रसाद द्विवेदी, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही', रामचरित उपाध्याय, मैथिलीशरण गुप्त, रामनरेश त्रिपाठी आदिकवियों की रचनाएँ ।

छायावादी युग

- छायावाद नामकरण का आधार और परिवेश
- छायावाद युगीन कविता की प्रमुख धाराएँ एवं प्रवृत्तियाँ
- छायावाद युगीन राष्ट्रीय– सांस्कृतिक काव्यधारा के प्रमुख के कवि : माखनलाल चतुर्वेदी, सियारामशरण गुप्त, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', सुभद्रा कुमारी 'चौहान' आदि।
- राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा की रचनाएँ
- छायावादी कवि : जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', महादेवी, सुमित्रानंदन पंत आदि की छायावादी रचनाएँ।

सहायक ग्रंथ

1. छायावाद का पतन, देवराज उपाध्याय
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, डॉ. रामविलास शर्मा

3. भारतेंदु हरिश्चंद्र और हिंदी नवजागरण, डॉ. रामविलास शर्मा
4. नवजागरण की समस्याएँ, डॉ. रामविलास शर्मा
5. छायावाद की प्रासंगिकता, रमेशचंद्र शाह

प्रश्नपत्र 4 हिंदी साहित्य : प्रगतिवाद से बीसवीं शताब्दी तक – रचनाएँ व इतिहास

पाठ्यक्रम के इस अंश का अधिगम परिणाम निम्नवत होगा–

1. उत्तर छायावाद युग की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों एवं विसंगतियों से उपजे काव्यान्दोलनों से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।
2. प्रगतिशील चेतना का वैचारिक आधार और अभिप्राय स्पष्ट रूप से जान सकेंगे।
3. इतिहास दृष्टि और लोकजीवन तथा प्रकृति से कविता के सरोकार को रेखांकित कर सकेंगे।
4. प्रयोगवादी काव्य की रचनात्मक प्राथमिकताओं, भावबोध और भाषा को समझ सकेंगे।
5. समकालीन कविता के युगबोध को वस्तुगत सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य सहित समझ सकेंगे।
6. वैश्वीकरण और भूमण्डलीकरण के परिप्रेक्ष्य और चुनौतियों को समझने का आधार मिलेगा।
7. पर्यावरण संबंधी रचनाओं से विद्यार्थी अवगत हो सकेंगे।
8. आख्यानों की आधुनिकता से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।

प्रस्तावित संरचना–

- छायावादोत्तर काव्य परिदृश्य और छायावादोत्तर कविता की भूमिका।
- छायावादोत्तर कविता में यथार्थदृष्टि के उदय का स्वरूप : संदर्भ–निराला की यथार्थ दृष्टि सम्पन्न कविताएँ और पंत का उत्तर छायावादी काव्य।
- भाव बोध और काव्य भाषा में बदलाव के संदर्भ।
- छायावदोत्तर काव्य धारा : प्रमुख प्रवृत्तियाँ
- छायावदोत्तर गीतधारा एवं प्रमुख कवि
- प्रगतिवादी काव्यधारा एवं प्रमुख कवि
- प्रयोगवादी काव्यधारा एवं प्रमुख कवि :

- नयी कविता : ऐतिहासिक परिदृश्य, काव्य प्रवृत्तियाँ और प्रमुख कवि
- अकविता : प्रमुख प्रवृत्तियाँ और प्रमुख कवि
- समकालीन कविता और प्रमुख कवि

सहायक ग्रंथ–

1. नयी कविता : सीमाएँ और संभावनाएँ, गिरजाकुमार माथुर
2. नयी कविता : स्वरूप एवं समस्याएँ, जगदीश गुप्त
3. समकालीन हिंदी साहित्य : विविध परिदृश्य, रामस्वरूप चतुर्वेदी
4. आधुनिक हिंदी साहित्य : विविध आयाम, रामचंद्र तिवारी
5. प्रगतिवाद, रामविलास शर्मा
6. प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ, रामविलास शर्मा

प्रश्न पत्र –5 कथा साहित्य : कहानी व उपन्यास

पाठ्यक्रम के इस अंश का अधिगम परिणाम निम्नवत् होगा –

- कथा साहित्य के माध्यम से विद्यार्थी सम्पूर्ण मानव जगत की मानवीयता से परिचित होंगे।
- कथा साहित्य विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविकता से परिचित करायेगा।
- कथा साहित्य के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक विचार और सृजन धर्म का विकास होगा।
- कथा साहित्य के विभिन्न संदर्भो और घटनाओं से विद्यार्थियों को जीवन में गतिशील रहने की प्रेरणा मिलेगी।
- कथा साहित्य से विद्यार्थियों को गंभीर भावबोध को समझने का अवसर मिलेगा।

प्रस्तावित संरचना–

कहानी, उपन्यास व नाटक

इकाई– कहानियाँ

1. माँ – मुंशी प्रेमचन्द
2. उसने कहा था – पं. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
3. पुरस्कार–जयशंकर प्रसाद
4. पाजेब– जैनेन्द्र कुमार
5. तीसरी कसम– फणीश्वर नाथ रेणु
6. चीफ की दावत – भीष्म साहनी
7. मलबे का मालिक – मोहन राकेश
8. नीली झील –कमलश्वेर
9. पासपोर्ट का रंग – तेजेन्द्र शर्मा
10. मैं हार गई – मन्नू भंडारी

11. लंदन की एक रात– निर्मल वर्मा
12. रोज – अज्ञेय

इकाई 2. उपन्यास

1 गोदान – मुंशी प्रेमचन्द
2 रागदरबारी – श्री लाल शुक्ल
3 मानस का हंस – अमृतलाल नागर
